सार-समाचार

किशनगढ़ बार एसोसिएशन अध्यक्ष का स्वागत

विप्र फाउंडेशन ने बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष रूपेश शर्मा (दाये से दूसरे) का स्वागत किया।

मदनगंज-किशनगढ़ (निस)। राज. ब्राह्मण महासभा महिला मंडल व महिला विप्र फाउंडेशन की ओर से बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष रूपेश शर्मा का स्वागत अभिनंदन किया गया। कृष्णापुरी स्थित राम मंदिर परिसर में आयोज्य सम्मान समारोह में अध्यक्ष रुपेश शर्मा ने कहा की सभी वकील साथियो के सहयोग से उपलब्धि हासिल हो सकी। मतदान के दौरान आभास हो गया था की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने समाज के साथ बार सदस्यों के लिये सदैव सेवा में तत्पर रहकर कार्य करने के लिये आश्वस्त किया। इस दौरान महासभा महिला अध्यक्ष सुमन पीपलवा, विष्णु देवी सुंदरिया, लीला पंचारिया, मोना शर्मा, लीना शर्मा, राम सुंदरिया, चंद्रप्रकाश पीपलवा, राजेश नवहाल, राजेंद्र शर्मा, अशोक शर्मा, अमित शर्मा, राजेश पंचारिया सहित कई विप्र बंधु उपस्थित रहे। मंदिर पुजारी सुरेश नवहाल ने भी अध्यक्ष रूपेश शर्मा का माल्यार्पण कर आशीर्वाद दिया।

विश्व ध्यान दिवस आज

अजमेर (कासं)। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर हार्टफिलनेस संस्था एवं संस्कृति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ध्यान शिविर लगाया जाएगा। महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति आभा गांधी ने बताया कि शिविर शनिवार को प्रात: 11.30 बजे भजनगंज स्थित ड्रीम इंडिया स्कूल के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा । अमिता शर्मा एवं दिनेश शर्मा ने बताया कि आज के व्यस्तता भरे जीवन में कुछ पल मानसिक शांति एवं स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा । शिविर में अनुभवी ध्यान प्रशिक्षक कुसुम सेठ प्रशिक्षण देगी । संस्कृति फाउंडेशन के राजुकमार सोनी ने आमजन से शिविर में अधिक से अधिक भाग लेकर लाभ उठाने की अपील की है। ध्यान शारीरिक विकारों को दूर करने में काफी मददगार है। इसी तरह वैशालीनगर स्थित शहीद भगतसिंह उद्यान में शनिवार को 7.30 बजे मीना शर्मा के नेतृत्व में जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। जिसमें गार्डन में घूमने आने वाले एवं आमजन को ध्यान की जानकारी दी जाएगी।

आर. ओ. बी. के नीचे सड़क का निर्माण होगा

मदनगंज-किशनगढ,(निस)। परासिया से लगती हुई डी एफ सी सी आई एल रेल्वे के आखरी गांव स्थित न्यू किशनगढ़ स्टेशन की ओर रास्ते को जोड़ने के लिये टू लेन सड़क बनेगी। रेल्वे सलाहकार समिति सदस्य भाजपा नेता महेंद्र पाटनी ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के समक्ष शीघ्र वित्तीय स्वीकृति जारी कराने की मांग की, ताकि विभाग द्वारा कार्य आदेश जारी होकर सड़क निर्माण से क्षेत्रीय जनता को आवागमन हेतु सुविधाजनक मार्ग सुलभ हो सके। डैडी केटेड फ्रेट कॉरिडोर रेलवे ने अजमेर रोड से न्यू किशनगढ़ स्टेशन को जोड़ने के लिये आवागमन हेतु मार्ग के लिये परासिया से जुडी भूमि अवाप्ति आदि की कार्यवाही पूरी कर पी.डब्ल्यू.डी. को ले आउट दिये जाने के चलते सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा राज्य सरकार की सैद्धांतिक सहमति मिलने पर टू लेन सड़क निर्माण के लिये निविदा आदि की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। वित्तीय स्वीकृति मिलते ही कार्य आदेश जारी हो जायेगा।

छात्राओ को निःशुल्क साईकिल वितरण

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर नगर निगम के वार्ड नंबर 54 नाका मदार स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2024-25 में राजस्थान सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा 9 में अध्ययनरत 21 छात्राओ को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य चित्र रेखा मीणा ने सभी छात्राओ को सरकारी विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया! साइकिल वितरण कार्यक्रम में स्कूल विकास प्रबंधन समिति के सदस्य गणेशी लाल जोशी ने शिक्षा क्षेत्र में सरकार कि ओर से शुरु की गई विभिन्न योजना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय कुमार जैन अध्यापक गोपाल मातवा, लालचंद सोकरीवाल, राम सुमेर शर्मा, सुषमा शर्मा, भारती शर्मा, रतन लाल चौधरी, राजू देवी सहित स्कूल विकास प्रबंधन समिति सदस्य प्रवीण राठोड, मुन्ना मंसूरी, मदन धानका के अतिरिक्त क्षेत्र के गणमान्य सुभाष चंद्र भट्टाचार्य, शशिकांत राजपुरोहित इत्यादी शामिल थे!

सावित्रीबाई फूले की जयन्ती की तैयारी

मदनगंज-किशनगढ़ (निस)। फूलमालियान शिक्षण संस्था के तत्वावधान में माली समाज सावित्रीबाई फूले की जयन्ती विभिन्न कार्यक्रमों के साथ उल्लास से मनाई जायेगी। अध्यक्ष जयराम मालाकार ने बताया की जयंती तैयारियो को लेकर गांधीनगर स्थित आर डी के एल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सावित्रीबाई फूले की जयन्ती पर 3 जनवरी को सुबह सात बजे पुरानी मिल चौराहे से डाक बंगला तक मैराथन दौड़, प्रात: 9 बजे से सांय 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। साथ ही 11 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। पोस्टर का विमोचन कर प्रचार प्रसार के लिए समिति का गठन किया।

चार दिवसीय गुरुवाणी कीर्तन समागम

अजमेर, (कासं)। सोलन हिमाचल प्रदेश के गुरुवाणी प्रचारक सन्त दादा लछमण चेलाराम द्वारा चार दिवसीय गुरुवाणी कीर्तन समागम 21 से 24 दिसम्बर तक अजमेर के विभिन्न आश्रमों में प्रचार प्रसार करके लोगों में आध्यात्मिक ज्ञान की गंगा बहाएंगे। बाबा हरदयाल कुटिया के संत प्रकाश उदासी ने बताया है कि गुरुबाणी कीर्तन समागम के प्रचारक सोलन हिमाचल प्रदेश के दादा लछमन चेलाराम द्वारा शनिवार को गुरुबाणी शब्द कीर्तन कथा वाचन सायं 5 बजे श्रीनगर रोड स्थित दुखभंजन हालाणी दरबार साहिब में किया जाएगा। कार्यक्रम के सयोजक नरेन भगत शाहणी होंगे।

अंबेडकर समर्थकों ने गृहमंत्री शाह का पुतला फूंका

- देश से माफी मांगने की मांग की
- कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के विरोध में गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका।

अजमेर (कासं)।राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान के निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के विरोध में 20 दिसंबर अंबेडकर समर्थकों ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल एवं नगर निगम अजमेर में नेता प्रतिपक्ष डॉ द्रौपदी कोली के नेतृत्व में विशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

अंबेडकर समर्थकों ने 20 दिसंबर डाक बंगले पर एकत्रित होकर कलेक्टर तक पैदल मार्च किया। कलेक्टरी पर जमकर नारेबाजी कर गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका और गृहमंत्री शाह से देश से माफी मांगने की मांग की । अंबेडकर समर्थकों ने जिला कलेक्टर अजमेर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग की। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र सरकार संविधान बदलने की मंशा रखती थी अब संविधान बदलने का मंसूबें पूरे नहीं होने के कारण वह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर अन्नर्गल टिप्पणियां कर सामाजिक समरसता बिगाड़ रही है, जिसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के लिए अपमानजनक बयान दिया।

इससे सरकार की मनुवादी सोच उजागर होती है। बाबासाहेब के संविधान में दलितों, अल्पसंख्यकों, गरीबों और महिलाओं को बराबरी का हक मिला है। इस अवसर पर नगर निगम अजमेर की नेता प्रतिपक्ष एवं अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रही डॉ द्रोपदी कोली ने कहा कि देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के लिए डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने जो काम किया है, वो काम भगवान ही करता है। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ सुनील लारा, फकरे मोईन, शिवकुमार बंसल, डॉ चेतराम रायपुरिया, जितेन्द्र खेतावत, हनुमान शर्मा सहित बडी सख्या में अंबेडकर समर्थक उपस्थित रहे।

चिकित्सा परामर्श शिविर 22 को

मदनगंज-किशनगढ़ (निस)। प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर एवं लायंस क्लब किशनगढ़ क्लासिक के संयुक्त तत्वावधान में 22 दिसम्बर को सुरजदेवी पाटनी सभागार में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष जोशी, जी एल शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आशा शर्मा अपनी सेवाएं देंगे। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष जोशी की सेवायें हर माह के दूसरे व चौथे गुरुवार को पुरानी मिल चौराहे के पास आर.डी. मित्तल हॉस्पिटल में भी उपलब्ध रहेगी। हॉस्पिटल इंचार्ज डॉ महेश मित्तल ने बताया कीहृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जोशी द्वारा हृदय रोगियों का उपचार अमेरिका में विकसित नवीनतम चिकित्सा विधि (टावी) कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में कोरोनरी एंजियोप्लास्टी एवं ट्रांस कैथेटर एओर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन के जरिये किया जायेगा।

श्री सीमेंट में 'टूलडाउन' रखा, प्रदर्शन जारी

मसूदा, (निसं)। उत्तर भारत की सबसे बडी कहे जानी वाली श्री सीमेंट फेक्ट्री के मुख्य गेट पर सैकडो कर्मचारियों ने टुलडाउन हडताल कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इसका मुख्य कारण श्री सीमेंट फेक्ट्री मे वर्षो से कार्यरत कर्मचारियों व श्रमिकों को हजारो किलोमीटर दूर स्थानान्तरित कर उन्हे प्रताडित करना, ड्यूटी पर नहीं जाने की स्थिति मे उन्हे नौकरी से निकाल देना और फेक्ट्री प्रबन्धकों द्वारा नाजायज रूप से परेशान कर बगैर किसी ठोस कारण बताये कर्मचारियों से वीआरएस लेना आदि कई समस्याये हैं। कर्मचारियों व श्रमिको को गुरूवार शाम को जब 63 कर्मचारियों के जबरन स्थानान्तरण करने की सूचना लगी तो फेक्ट्री मे कार्यरत तीनो श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने एकराय होकर किसी भी कर्मचारी का ना तो स्थानान्तरण होने दिये जाना, ना ही जबरन नौकरी से निकालना और बेवजह श्रमिको का शोषण कर उन पर अत्याचार नहीं करने का निर्णय लिया हैं। इस मामले को लेकर कर्मचारियों व श्रमिको ने शुक्रवार को टूलडाउन हडताल कर अपना विरोध जताया और गेट पर किसी भी श्रमिक को भीतर नहीं घुसने दिया।

सबसे पुरानी श्री सीमेंट प्लान्ट ब्यावर के अंधेरी देवरी मे स्थापित हुआ था। जिसकी बदौलत अब लगभग 16-17 प्लान्ट लग गये हैं। स्थानीय श्रमिकों व कर्मचारियों की बदौलत ही इतने संस्थानों को स्थापित किया गया है। ज्ञातव्य है कि श्री सीमेंट के मालिको व प्रबन्धकों ने इसी फेक्ट्री की बदौलत देश के विभिन्न राज्यो मे अपनी फेक्ट्री स्थापित कर अपने व्यापार को बढाया हैं। लेकिन नींव का पत्थर कहे जाने वाली और उसमे काम करने वाले 40 40 वर्ष पुराने कर्मचारियों व श्रमिकों के साथ छल कपट कर उन्हें अपने नये संस्थानों मे भेजने के नाम पर स्थानान्तरित कर दिया जाता है। लेकिन हकीकत कुछ और हैं। श्री सीमेंट के प्लान्ट को काम करते हुये लगभग 40 से 42 वर्ष हो चुके है। इसमे कार्यरत कर्मचारियों की नौकरी भी लगभग पूर्ण होने की कगार पर आ चुकी हैं। ऐसे मे तथाकथित तौर से कर्मचारियों व श्रमिकों को हजारो किलोमीटर दूर स्थानान्तरित कर उन्हें डराया व धमकाया जाता हैं। ऐसी स्थिति मे कर्मचारी या तो इस्तीफा सौंप देते है और या फिर कर्मचारी नौकरी जोइन कर लेता हैं। लेकिन अधिकांश कर्मचारियो ने समय पूर्व नौकरी से इस्तीफा सौंप कर पूरा पैसा उठा लेता हैं।

बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण के लिए चिकित्सा प्रशासन गंभीर

अजमेर, (कासं)। राज्य सरकार चिकित्सा विभाग द्वारा प्रदत्त निर्देश में बायोमैडिकल वेस्ट का निस्तारण नियमानुसार किया जाना चाहिए इसके लिए चिकित्सा प्रशासन पूर्व चिन्हित स्थान का डेवलपमेंट किया है।

प्रधानाचार्य डॉ अनिल सामरिया के नेतृत्व में अधीक्षक डॉक्टर अरविंद खरे अतिरिक्त अधीक्षक डॉ जी सी मीणा, उप अधीक्षक डॉक्टर अमित यादव, बायोमेडिकल नोडल अधिकारी डॉ अंकुर डॉ प्रीति, हॉस्पिटल केयर टेकर डॉ लुनिका काफी दिनों से इसकी मॉनिटरिंग करते हुए इस स्थान का विकास संभव किया गया है, अब बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण पूर्ण रूप से टीम की निगरानी में होगा।

नई मॉर्च्यूरी बनने के बाद इसे पुरानी मॉर्च्यूरी के अंदर शिफ्ट कराया गया था, जिसे अब पूरा कवर किया गया है और इसके चारों ओर फ्लेक्स द्वारा बायो मेडिकल वेस्ट की जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी।

राज्य सरकार एवम चिकित्सा विभाग बायोमेडिकल वेस्ट के लिए समय समय पर गाइड लाइन जारी करता है, इसी गाइड लाइन के तहत चिन्हित स्थान पुरानी मॉर्च्यूरी एरिया को कवर्ड कराकर वहाँ गेट लगवाया गया एवम पार्टीशन करके कलर कोडिंग सेक्शन बनाये गए जिससे वेस्ट मैनेजमेंट अलग अलग सेक्शन में किया जा सके उस एरिया में चारों तरफ आई.ई .सी.मैटेरियल लगाकर बायोमेडिकल वेस्ट के बारे में जानकारी देते हुए फ्लेक्स लगाकर इसका पूर्ण रूप से विकसित किया गया है। इस तरीके से बायोमेडिकल वेस्ट एरिया नियमों के अनुसार जानकारी सहित एरिया बन गया है, ताकि वेस्ट का निस्तारण नियम अनुसार किया जा सके।

ध्यान योग शारीरिक व मानसिक स्वस्थ बनाता है-वर्मा

- अजमेर डिस्कॉम में ध्यान सत्र का आयोजन

अजमेर,(कासं)। अजमेर डिस्कॉम में कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर पंचशील नगर स्थित निगम मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में शुक्रवार को ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। आयोजन में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। सत्र का आयोजन अजमेर सहज योग परिवार और उनकी टीम द्वारा किया। सत्र का मुख्य उद्देश्य सहज योग की अद्वितीय ध्यान प्रणाली पर केंद्रित रहा जो हमें शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन प्रदान करती है।

प्रबंध निदेशक केपी वर्मा ने कहा कि अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर समय समय पर आयोजन करती आ रही है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को ध्यान सत्र का आयोजित हुआ। उन्होंने कहा कि ध्यान योग शारीरिक व मानसिक स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी स्वास्थ्य रहे यह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इसलिए इस तरह के आयोजन निगम करवाता रहता है। जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित इस ध्यान सत्र का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था। इस सत्र में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया और सहज योग की अद्वितीय ध्यान प्रणाली का अनुभव किया।

अपना घर मूक बधिर विद्यालय कोटड़ा में 25 को बाल मेला

अजमेर, (कासं)। अपनी श्रेणी की विश्व की विशालतम सेवा स्थली अपना घर संस्था अजमेर द्वारा कोटड़ा में संचालित संभाग स्तरीय मूक बधिर एवं दृष्टिबाधित आवासीय विद्यालय में 25 दिसम्बर को तृतीय बाल मेले का आयोजन दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। बाल मेले में विशेष बच्चों द्वारा बनाए गए उत्पादों की स्टॉल लगाई जाएगी।

अजय अग्रवाल ने बताया कि मेले में मनोरंजन के लिए ऊँट सवारीए, घुड सवारी, खाने पीने की स्टाल सहित अनेक व्यंजनों के अलावा विभिन्न प्रकार के गेम्स की स्टाल के साथ झूले, बम्पिंग जम्पिंग आदि आकर्षण का केंद्र होंगे। मेले के सफल आयोजन के लिए नीलू गुप्ताए मीनू अजमेरा, राधा राठी, राजेंद्र मित्तल, पंकज गर्ग सनराईज एकेडमी, राजीव शर्मा, ममता स्वीट्स एंड बेक्स, सुबोध जैन, शैलेन्द्र अग्रवाल के सहयोग द्वारा 25 से अधिक स्टाल लगाई जाएगी जिससे प्राप्त आय बच्चों के विकास एवं सुविधाओं पर खर्च की जाएगी। संस्था संरक्षक रमेश अग्रवाल, विष्णु गर्ग सहित पदाधिकारियों सतीश राठी, सचिव दिनेश प्रणामी, वित्त सचिव रमेश मित्तल एवं मेला संयोजक सुबोध जैन, अजय अग्रवाल, राजकुमार गोयल, सीमा शर्मा, हनुमान दयाल बंसल, रेखा गोयल, अरविन्द अजमेरा, हरिप्रसाद असावा, रेखा गोयल, अनिल गर्ग, राजेश नवाल, सुनील गोयल, ओमप्रकाश गहलोत ने मूक बधिर बच्चों का हौसला बढ़ाने सहयोग प्रदान करेंगे।

आम सूचना

मेरे पिता श्री सुवालाल पुत्र स्व. श्री शंकरलाल का दिनांक 18 दिसम्बर 1984 व मेरी मां श्रीमती नारायणी बाई पत्नी सुवालाल का दिनांक 26 मार्च, 2005 को सर्व जाति धोभी सर्व निवासी ओसवाली मोहल्ला, मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर हो गया, जिनके मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-कालूराम धोभी पुत्र सुवालाल

अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर
आम सूचना

सर्वसाधारण को विदित है कि श्रीमती सुनिता पत्नि भूरी सिंह की नियमन पत्रवाली खसरा सख्या 9011 थोक मालियान तृतीय भूखण्ड सख्या 6 है जिसका क्षेत्रफल 234.18 वर्गगज है उक्त नियमन के सबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी की जा रही है कर 7 दिवस में आपत्ति आमंत्रित की जाती है अत किसी भी व्यक्ति संस्था को इस नियमन से आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करवा दे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

उपायुक्त
दक्षिण अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

आम सूचना

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की में महावीर प्रसाद जामड़ पुत्र भेरु सिंह जामड़ जाति ओसवाल जैन आयु 67 वर्ष निवासी मकान नंबर 39 मुनि पुष्कर कॉलोनी वार्ड नं 17 मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) का हु। मेरे द्वारा दिनांक 12 फरवरी 2024 को मेरे छोटे बेटे उज्जवल जामड़ की पत्नी शर्मीला जैन के पक्ष में मेरी स्वेछा से एक वसीयत दिनांक 12 फरवरी 2024 को निष्पादित की गई। जिसे आज दिनांक 20 दिसम्बर 2024 को निरस्त करता हु। आज दिवस के बाद इस वसीयत के माध्यम से शर्मीला जैन द्वारा किसी चल अचल सम्पति से संव्यहार किया जाता है तो वह शून्य होगा। आज दिवस से इस वसीयत से किये गये संव्यहार से होने वाले नुकसान के लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे। अत: सूचित रहे।

एडवोकेट-कविता वैष्णव
विश्वकर्मा स्कूल के सामने रूपनगढ़ रोड़ मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर मो.-82333 41671

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुशीला कुमावत पत्नी ओमप्रकाश कुमावत, ग्राम लोहागल, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 1004 (पुराना), 984 (नया) प्लाट नंबर 446 में क्षेत्रफल 190 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अत: किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सुचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कारवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर), अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर
मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप
आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 668 क्षेत्रफल 306.66 वर्गगज के आवंटी / अन्तरिति श्रीमती कमला कलवानी पत्नि श्री स्व. दादूमल कलवानी निवासी 668 हरिभाऊ उपाध्याय नगर, विस्तार अजमेर को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमश: (1) श्री महेश कलवानी पुत्र स्व. श्री दादूमल कलवानी निवासी अजमेर (2) श्रीमती रेखा देवी पत्नि श्री कन्हैयालाल सबनानी, पुत्री स्व. श्री दादूमल कलवानी निवासी फूलेरा, जयपुर, राज. (3) श्रीमती दीपा झामनानी पत्नि श्री नरेश कुमार, पुत्री स्व. श्री दादूमल कलवानी निवासी मकराना, नागौर राज. द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री घनश्याम कलवानी पुत्र स्व. श्री दादूमल कलवानी निवासी 668 हरिभाऊ उपाध्याय नगर विस्तार अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 09/12/2024 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें । उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.
क्रमांक: न.प.कि./नाम हस्तान्तरण/2024/732 **आम सूचना** दिनांक: 19/12/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 608, 609 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 34 पार्ट क्षेत्रफल 116.66 वर्गगज) पर श्रीमती साधना देवी जैन पत्नि स्व. श्री अशोक कुमार जैन ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व में : 30 फीट चौडा रास्ता पश्चिम में : भूखण्ड संख्या 23
उत्तर में : 30 फीट चौड़ा रास्ता दक्षिण में : भूखण्ड संख्या 33

अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

प्रभारी
नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.
क्रमांक: न.प.कि./कृ.भूमि/2024/723 **आम सूचना** दिनांक: 18/12/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 568 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या सी-02 क्षेत्रफल 183.33 वर्गगज में से विखण्डित भूखण्ड क्षेत्रफल 147.68 वर्गगज) पर श्रीमती सीता देवी राठी पत्नि श्री महेश कुमार राठी ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : रास्ता पश्चिम में : नाला
उत्तर में : रास्ता दक्षिण में : विक्रेता के इसी भूखण्ड का शेष भू भाग

अत: उक्त उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी
नगर परिषद, किशनगढ

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.
क्रमांक: न.प.कि./भूमि/2024/536 **आम सूचना** दिनांक: 20/12/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमल चौरड़िया पुत्र श्री गौतम चन्द चौरड़िया, श्री गोविन्द गोयल पुत्र श्री नन्द किशोर गोयल ने खांचा भूमि/भोगपडत के तहत् पट्टा चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जो की विनायक नगर के पास, जयपुर रोड मदनगंज किशनगढ़ में है, जिसका कुल क्षेत्रफल 36.11 वर्गगज है जिसकी सीमाएँ निम्न प्रकार से है।

पूर्व में - 30' आम रास्ता पश्चिम में - भूखण्ड संख्या 8
उत्तर में - भूखण्ड संख्या 3 दक्षिण में - स्वयं का भूखण्ड बाद में 30' आम रास्ता

उक्त सीमा मध्य स्थित खांचा भूमि/भोगपडत के तहत् पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति / ऐतराज मान्य नही होगा। अत: सूचित रहे।

प्रभारी अधिकारी
नगर परिषद किशनगढ़

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

!!! सावधानः फर्जी भर्ती से सावधान रहें !!!

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) को यह रिपोर्ट किया गया है कि बेईमान लोगों/धोखेबाजों/दलालों/एजेंटों ने अपनी झूठी आईडी बनाकर खुद को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के भर्तीकर्ता के रूप में प्रस्तुत करके भा.वि. प्रा. में लुभावने करियर हेतु फर्जी नौकरी के अवसरों की फर्जी भर्ती नोटिस / संदेश/मोबाइल फोन कॉल के माध्यम से संभावित अभ्यार्थियों को धोखा देने की कोशिश की है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण संभावित नौकरी चाहने वालों से आग्रह करता है कि वे किसी अन्य वेबसाइट के बजाय, एएआई वेबसाइट www.aai.aero के करियर खंड पर ही भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में नौकरी के विज्ञापन/संदेश/कॉल लेटर/नियुक्ति पत्र की प्रामाणिकता की पुष्टि करते हुए सतर्कता और समुचित सावधानी बरतें।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में भर्ती से संबंधित सभी विवरण जैसे विस्तृत विज्ञापन, आवेदन सत्यापन /साक्षात्कार कार्यक्रम, अंतिम परिणाम आदि भा.वि. प्रा. की आधिकारिक वेबसाइट www.aai.aero पर प्रकाशित किए जाते हैं।

आवेदन शुल्क केवल ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय देय है, जिसका विज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया जाता है और यह केवल अनारक्षित और ओबीसी (एनसीएल) श्रेणियों से संबंधित पुरुष उम्मीदवारों द्वारा देय है। भा.वि.प्रा. द्वारा भर्ती के किसी भी चरण में किसी भी प्रकार का अन्य भुगतान नहीं मांगा जाता है।

ऐसे बेईमान लोगों/एजेंटों/संदेशों/मोबाइल फोन कॉल से लेन-देन करने वाला कोई भी व्यक्ति ऐसा अपने व्यक्तिगत जोखिम और लागत पर करेगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण किसी भी प्रकार से इसके परिणामों के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

यदि कोई भी व्यक्ति इस तरह की धोखाधड़ी/फर्जी भर्ती रैकेट का शिकार हो जाता है, तो उन्हें स्थानीय पुलिस स्टेशन में धोखेबाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की सलाह दी जाती है।

एनआईटी सं.-03/2024-25
CBC 03111/12/0003/2425 कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन)

खान विभाग पर मकराना मार्बल उद्योग को ठप कराने का आरोप

- मकराना विधायक जाकिर हुसैन बोले, मकराना मार्बल खदानों को जानबूझकर खान विभाग के अधिकारी करवा रहे हैं बंद

डीडवाना । जिले के मकराना विधायक जाकिर हुसैन गैसावत ने खनन विभाग पर बडा आरोप लगाया है। विधायक गैसावत ने कहा कि जिस मकराना मार्बल की पूरे विश्व में खास पहचान है और जिसकी प्रशंसा खुद पीएम मोदी गत दिवस कर चुके हैं, उस मकराना मार्बल उद्योग को खान विभाग खत्म करने में जुटा है। खान विभाग के अधिकारी खानों को बिना किसी ठोस वजह के बंद कर रहे हैं और माफियाओं के साथ मिलकर चौथ वसूलियां करने में जुटे हैं। इसका परिणाम यह हो रहा है कि जहां एक और मकराना मार्बल व्यापार सिमट रहा है, वही हजारों लोगों का रोजगार भी खत्म हो रहा है। विधायक जाकिर हुसैन ने यह बात आज डीडवाना में उस समय कही, जब यहां जिला स्तरीय जनसुनवाई चल रही थी। विधायक ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मकराना में माफिया राज हावी है और अधिकारी माफियाओं के दबाव में काम कर रहे हैं। माफियाओं के दबाव में आकर खान विभाग के अधिकारी मार्बल खदानों को आए दिन बंद करवा रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि मकराना की बड़ी आबादी मार्बल उद्योग से जुड़ी है और यही उनके रोजगार का मुख्य जरिया है।

गैसावत ने कहा कि मकराना की अधिकांश खदाने बापी